Downloaded from www.studiestoday.com

# यूनिट 1

# परिचय

***याद रखने योग्य बातें :***

- अर्थशास्त्र के अध्ययन को दो शाखाओं में बांटा गया है :
  - (अ) व्यष्टि अर्थशास्त्र
  - (ब) समष्टि अर्थशास्त्र
- व्यष्टि अर्थशास्त्र, अर्थशास्त्र की वह शाखा है जो व्यक्तिगत स्तर पर आर्थिक समस्याओं का अध्ययन करती है।
- समाष्टि अर्थशास्त्र के अंतर्गत संपूर्ण अर्थव्यवस्था तथा उसके समुच्चयों का अध्ययन किया जाता है।
- अर्थव्यवस्था वह आर्थिक संगठन है जो जीविकोपार्जन के साधन उपलब्ध कराता है।
- अर्थव्यवस्था में उपलब्ध सीमित संसाधनों के आबंटन की समस्या को आर्थिक समस्या कहते हैं।
- आर्थिक समस्या उत्पन्न होने के मुख्य कारण है:

आवश्यकताओं का असीमित होना | साधनों का दुर्लभ होना। | साधनों के वैकल्पिक प्रयोग होना

- एक अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याएं :
  1. क्या उत्पादन किया जाए?
  2. कैसे उत्पादन किया जाए?
  3. किसके के लिए उत्पादन किया जाए?
- एक अवसर का चयन करने पर दूसरे सर्वश्रेष्ठ अवसर का किया गया त्याग अवसर लागत कहलाता है। इसे सर्वश्रेष्ठ विकल्प की लागत भी कहा जाता है।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

- उत्पादन संभावना वक्र (PPC) : एक अर्थव्यवस्था में दिए हुए संसाधनों तथा उत्पादन तकनीक के अंतर्गत दो वस्तुओं की विभिन्न उत्पादन संभावनाओं को दर्शाता है।

- उत्पादन सभावना वक्र की मुख्य विशेषताएं

  (*a*) नीचे की ओर ढालू होता है इसका कारण यह है कि यदि एक वस्तु का अधिक मात्रा में उत्पादन करता है। तो दूसरी वस्तु के उत्पादन की मात्रा में कमी करनी होती है।

  (*b*) मूल बिन्दु की ओर नतोदर होता है। इसका कारण बढ़ती हुई सीमांत अवसर लागत या (एमआरटी) हैं।

- PPC में दायीं ओर खिसकाव संसाधनों में वृद्धि तथा तकनीकी प्रगति को दर्शाता है।

- PPC में बायीं ओर खिसकाव संसाधनों में कमी तथा तकनीकी अवनति को दर्शाता है।

- सीमांत विस्थापन दर एक वस्तु की त्यागी जाने वाली इकाइयों तथा अन्य वस्तु की बढ़ाई गई एक अतिरिक्त इकाई का अनुपात है।

- सीमांत विस्थापन दर को सीमांत अवसर लागत भी कहते हैं क्योंकि वस्तु की एक अतिरिक्त इकाई बढ़ाने के लिए दूसरी वस्तु की त्यागी गई इकाइयां ही अतिरिक्त लागत होती है।

## एक अंक वाले अति लघु उत्तर वाले प्रश्न

1. व्यष्टि अर्थशास्त्र को उदाहरण की सहायता से परिभाषित कीजिए।
2. समष्टि अर्थशास्त्र को उदाहरण की सहायता से परिभाषित कीजिए।
3. सीमांत अवसर लागत की परिभाषा लिखिए।
4. आर्थिक समस्या उत्पन्न होने का मुख्य कारण क्या है?
5. संसाधनों की दो विशेषताएं लिखिए।
6. दुलर्भता से क्या अभिप्राय है?
7. अवसर लागत से क्या अभिप्राय है?
8. अर्थव्यवस्था से क्या अभिप्राय है?

## उच्च स्तरीय बुद्धि कौशल – *H.O.T.S.*

9. संसाधनों के किफायती पूर्ण उपयोग का क्या अर्थ है?
10. संसाधनों के वैकल्पिक प्रयोग से क्या तात्पर्य है?

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

11. सीमांत विस्थापन दर स्थिर रहने पर उत्पादन संभावना वक्र की आकृति कैसी होगी?
12. भारत में बेरोजगारी की समस्या को समष्टि अर्थशास्त्र का विषय माना जाता है या व्यष्टि अर्थशास्त्र का?

## लघु उत्तर वाले प्रश्न (3/4 अंक)

1. व्यष्टि अर्थशास्त्र तथा समष्टि अर्थशास्त्र में अंतर लिखिए। उदाहरण भी दीजिए।
2. आर्थिक समस्या क्यों उत्पन्न होती है? 'कैसे उत्पादन किया जाए' समस्या की व्याख्या कीजिए।
3. 'क्या उत्पादन किया जाए' समस्या का वर्णन कीजिए, उदाहरण भी दीजिए।
4. 'किसके लिए' उत्पादन किया जाए की समस्या को उदाहरण को उदाहरण की सहायता से समझाइए।
5. अवसर लागत को उदाहरण की सहायता से परिभाषित कीजिए। यह सीमांत अवसर लागत से किस प्रकार भिन्न है?
6. रूपांतरण की सीमांत दर क्या है? एक उदाहरण की सहायता से समझाइए।
7. उत्पादन संभावना वक्र नतोदर (अवतल) क्यो होता है? समझाइए।

## *H.O.T.S.* – उच्च स्तरीय बुद्धि कौशल

8. उत्पादन संभावना वक्र क्या है? एक काल्पनिक तालिका तथा चित्र की सहायता से इसकी व्याख्या कीजिए।
9. उत्पादन संभावना वक्र की सहायता से निम्न स्थितियों को दर्शाइए:
   (*a*) संसाधनों का पूर्ण उपयोग
   (*b*) संसाधनों का विकास
   (*c*) संसाधनों का अल्प प्रयोग
10. 'अर्थव्यवस्थाएं सदैव उत्पादन संभावना वक्र पर कार्य करती है, इसके भीतर नहीं।' पक्ष या विपक्ष में तर्क दें।
11. एक भूकंप में बहुत से लोग मारे गए, अनेक कारखाने भी ध्वस्त हो गए। इसका अर्थव्यवस्था के उत्पादन संभावना वक्र पर क्या प्रभाव होगा?
12. निम्नलिखित से सीमांत अवसर लागत की गणना कीजिए। उत्पादन संभावना वक्र की आकृति कैसी होगी तथा क्यों?

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

| संयोग | हरी मिर्च (इकाई) | चीनी (इकाई) |
|---|---|---|
| A | 100 | 0 |
| B | 95 | 1 |
| C | 85 | 2 |
| D | 70 | 3 |
| E | 50 | 4 |
| F | 25 | 5 |

8. निम्नलिखित से सीमांत प्रतिस्थापन दर की गणना कीजिए। उत्पादन संभावना वक्र की आकृति कैसी होगी तथा क्यों?

| संयोग | वस्तु *'A'* का उत्पादन (इ.) | वस्तु *'B'* का उत्पादन (इ.) |
|---|---|---|
| A | 20 | 0 |
| B | 18 | 1 |
| C | 14 | 2 |
| D | 8 | 3 |
| E | 0 | 4 |

## एक अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. व्यष्टि अर्थशास्त्र, अर्थशास्त्र की वह शाखा है जो व्यक्तिगत स्तर पर आर्थिक समस्या का अध्ययन करती है। उदाहरण के लिए उपभोक्ता का व्यवहार, फर्म, उद्योग व बाजार आदि का अध्ययन करते हैं।
2. समष्टि अर्थशास्त्र के अंतर्गत संपूर्ण अर्थव्यवस्था तथा इसके समुच्चयों का अध्ययन किया जाता है। उदाहरण के लिए राष्ट्रीय आय, रोजगार का स्तर आदि।
3. सीमांत विस्थापन दर को सीमांत अवसर लागत भी कहते हैं क्योंकि वस्तु की एक अतिरिक्त इकाई बढ़ाने के लिए दूसरी वस्तु की त्यागी गई इकाइयां ही अतिरिक्त लागत होती हैं।
4. संसाधनों का सीमित होना तथा उनके वैकल्पिक उपयोग और आवश्यकताओं का असीमित होना।
5. संसाधन सीमित होते हैं तथा संसाधनों के वैकल्पिक उपयोग हैं।
6. दुर्लभता से अभिप्राय ऐसी स्थिति से है जिसमें एक साधन की मांग उसकी पूर्ति से अधिक होती है।
7. एक अवसर का चयन करने पर दूसरे सर्वश्रेष्ठ अवसर का किया गया त्याग अवसर लागत कहलाता है।
8. अर्थव्यवस्था वह आर्थिक संगठन है जो निश्चित क्षेत्र में रहने वाले लोगों को जीविका के साधन उपलब्ध कराता है।
9. संसाधनों के किफायतीपूर्ण उपयोग का अर्थ यह है कि उनका उपयोग इस तरह से किया जाए

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

कि प्रति इकाई लागत से अधिकतम उत्पादित प्राप्त किया जा सके। इसका अर्थ संसाधनों का उच्चतम उपयोग भी है।

10. संसाधनों के एक से अधिक उपयोगों में प्रयोग की संभावना संसाधनों का वैकल्पिक प्रयोग कहलाती है।
11. सीमांत विस्थापन दर स्थिर रहने पर उत्पादन संभावना वक्र की आकृति एक सीधी रेखा के रूप में होगी।
12. भारत में बेरोजगारी, समष्टि अर्थशास्त्र का विषय है क्योंकि इसका अध्ययन सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था के स्तर पर किया जाता है।

www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com